# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर में खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-2 | अंक-111 | सागवाड़ा, शनिवार, 24 दिसम्बर, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# फायरिंग में युवक की मौत से पहले बनाया वीडियो इंस्टाग्राम पर डाला, बंदूक लेकर 2 आरोपी दोस्तो ने दिखाया खौफ

**डूंगरपुर।**

आसपुर में खेड़ा सामौर में सूअर का शिकार करने गए युवक की मौत से पहले का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो ने 2 आरोपी युवक एक बंदूक के साथ दिखाई दे रहे है। इस वीडियो को मृतक युवक अरविंद डिंडोर के इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट किया गया है। इसके बाद सूअर का शिकार करते हुए फायरिंग हुई और अरविंद की मौत हो गई। मामले में चचेरी बहन ने 4 युवकों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करवाया है। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवकों को डिटेन कर लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

आसपुर थानाधिकारी सवाईसिंह ने बताया की 21 दिसंबर को खेड़ा सामोर गांव में सूअर के शिकार के लिए फायरिंग की घटना हुई थी। मामले में चचेरी बहन सपना (17) पुत्री शांतिलाल डिंडोर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। सपना ने बताया की उस दिन उसका भाई अरविंद (22) पुत्र रमेश डिंडोर घर में सोया हुआ था। गांव के ही रहने वाले अरविंद पुत्र हीरा ननोना, अर्जुन पुत्र छगन और मुकेश पुत्र धुला एक बाइक लेकर उसके घर आए।

सोए हुए भाई को उठाया और अपने साथ लेकर चले गए। थोड़ी देर बाद उसका भाई और अरविंद ननोमा वापस घर आए। अरविंद के हाथ में 2 बंदूके थी और वापस चले गए। इसके बाद देर शाम तक उसका भाई घर नहीं आया। लेकिन शाम 7 बजे उसे पूंजपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाने की खबर आ गई। इस पर परिवार के सभी लोग हॉस्पिटल पहुंचे तो देखा उसका भाई खून से लथपथ पड़ा था। इसके पेट पर गोली लगी थी। जब पता लगाया तो बताया की अरविंद डिंडोर, अरविंद ननोमा, अर्जुन और मुकेश सुअर का शिकार करने लगे गए थे। खेतो में फायरिंग के दौरान गोली अरविंद डिंडोर के पेट पर जाकर लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग में मौत के बाद डर के मारे उसके साथी दोस्त भाग गए थे।

## बंदूक के साथ वीडियो में बैकग्राउंड म्यूजिक, जिसकी मौत उसी ने पोस्ट किया

शिकार करने गए युवकों ने खेतो में एक वीडियो भी बनाया। सपना डिंडोर ने बताया की ये वीडियो उसके मृत भाई अरविंद डिंडोर के इंस्टाग्राम आईडी पर पोस्ट किया गया है। वीडियो में अर्जुन और मुकेश दोनों दिखाई दे रहे है। अर्जुन के हाथ में एक बंदूक भी पकड़ी हुई है और पगडंडी रास्ते पर चल रहे है। शेयर किए गए वीडियो में अलग से बैकग्राउंड म्यूजिक भी दिया गया है। अब पुलिस भी इस वीडियो भी छानबीन कर रही है।

## हत्या का केस दर्ज, आरोपी हिरासत में

आसपुर सीआई सवाई सिंह ने बताया की चचेरी बहन सपना की रिपोर्ट पर अरविंद पुत्र हीरालाल ननोमा, लोकेश पुत्र धुला, अर्जुन और मुकेश के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। वही मामले में आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों से अब पूछताछ की जा रही है। जिसमे पुलिस फायरिंग की गई बंदूक को बरामद करते हुए उसके लाइसेंस और अन्य मामले की पड़ताल करेगी।

## आज तीसरे दिन मेडिकल बोर्ड से हुआ पोस्टमार्टम

फायरिंग में अरविंद डिंडोर की मौत के बाद 42 घंटे से शव पड़ा हुआ है। परिजन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े थे। वही पुलिस परिजनों से समझाइश के प्रयास कर रही थी। आसपुर मोर्चरी में रखवाए गए शव को गुरुवार देर शाम को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी लेकर आए। आज तीसरे दिन शुक्रवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। वही पुलिस शव के शांतिपूर्ण अंतिम संस्कार तक नजर रखेगी।

# कच्ची बस्ती के पट्टे पहुंचे CMO तक ! जांच शुरू

## भाजपा नेता और पार्षदों ने कच्ची बस्ती में पट्टे लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्थान के अध्यक्ष सांसद कनकमल कटारा को कर दिये थे बक्शीश, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में लगाए थे आरोप

**सागवाड़ा।**

सागवाड़ा नगर पालिका में वर्ष 2012 में भाजपा के बोर्ड में कच्ची बस्ती के नाम से पट्टों की बंदरबांट का मामला मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुँच चुका है। शुक्रवार देर शाम को स्वायत्त शासन विभाग की ओर से इस संबंध में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से जानकारी चाही गई जिसके बाद नगर पालिका में भी हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि यह मामला सीएमओ तक पहुँच गया है। डीडीआर की ओर से माँगी गई जानकारी के बाद देर शाम तक नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पट्टों के संबंध में पत्रावलियों एकत्र करते रहे। कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया, पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया और उपाध्यक्ष राजु मामा शेख की मौजूदगी में आयोजित एक प्रेस वार्ता में भाजपा बोर्ड में कच्ची बस्ती के नाम पर नगर की बेशकीमती भूमि के पट्टे बनाने का आरोप लगाया था। बताया था कि भाजपा नेताओं ने करीब 7500 स्क्वायर फीट भूमि को वर्ष 2012 में कच्ची बस्ती के नाम पर झूठा शपथ पत्र देकर ले लिया। उसके बाद उक्त भूमि को वर्तमान सांसद कनकमल कटारा जो कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्थान सागवाड़ा के अध्यक्ष हैं उनके नाम बक्शीश रजिस्ट्री कर दी गई। इधर, इस पूरे मामले को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में भी सौंपने की बात कही जा रही थी लेकिन वहाँ से भी तक कोई पत्रावलियों नहीं आयी है। इसके अलावा इन पट्टों को निरस्त कराने के लिए कोर्ट का सहारा लिए जाने की बात भी की जा रही थी लेकिन ऐसा भी अभी तक कुछ होता नज़र नहीं आया है हालांकि अब सीएमओ की दख़लंदाज़ी के बाद इस संभावना है कि इस पूरे मामले की जाँच नगर पालिका की ओर से की जाएगी। बताया जा रहा है कि डीडीआर की ओर से अभी तक सिर्फ़ जो अख़बार में ख़बरें छपी है उसके आधार पर जानकारी चाही गई है और जाँच के आदेश नहीं दिया गया है। स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जांच के आदेश दिए जाने के बाद ही नगरपालिका इस संबंध में जाँच करेगी।

## यह है मामला

दिनेश खोडनिया के अनुसार वर्ष 2012 में भाजपा के नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट, पार्षद रजनीश व्यास और भाजपा नेता प्रवीण गोगरोत ने 2500-2500 स्क्वायर फीट के तीन पट्टे कच्ची बस्ती में लिए थे। तीनों ने कच्ची बस्ती में जो पट्टा लिया है वो झूठा शपथ पत्र देकर लिया है। इसके बाद भाजपा के तीनों नेताओं ने 2019 में अपनी भूमि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्थान सागवाड़ा के अध्यक्ष वर्तमान सांसद कनकमल कटारा के नाम पर बख्शीश कर दी। इस दौरान भी सागवाडा नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड था। खोडनिया ने बताया था कि तत्कालीन भाजपा बोर्ड में करीब 400 पट्टे कच्ची बस्ती में आवंटित किए गए थे जिसमें 200 पट्टे ऐसे हैं जिसमें बंदरबाँट की गई।

# तेज रफ़्तार बाइक डिवाइडर से टकराई, हादसे में एक युवक की मौत, अन्य दो युवक घायल

**डूंगरपुर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के तीजवड गांव के पास एक तेज रफ़्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वही उसके दो अन्य साथी गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुँचाया जहा पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायल एक युवक को उदयपुर रेफर किया गया। वही पुलिस ने मृतक का शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जिले के कोतवाली थाने के थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया की सिदडी खेरवाड़ा निवासी 26 वर्षीय जितेन्द्र कटारा अपने दोस्त डोजा निवासी रोनक पुत्र गटुलाल रोत और एक अन्य युवक के साथ बाइक पर सागवाडा से डूंगरपुर की ओर आ रहा था। इस दौरान तीजवड गाँव के पास उनकी तेज रफ़्तार बाइक अनियंत्रित हो गई। वही रोड के बीच में डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में जितेन्द्र, रोनक और अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वही हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। इधर लोगो ने घटना की जानकारी कोतवाली थाना पुलिस और 108 एम्बुलेंस को दी। सूचना पर 108 एम्बुलेंस और कोतवाली थाने से हेडकांस्टेबल नारायण लाल मौके पर पहुंचे। इस दौरान 108 एम्बुलेंस कार्मिको ने लोगो की मदद से घायल युवको को एम्बुलेंस में रखा और डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुँचाया। जहा पर डॉक्टर्स ने जांच के दौरान जितेन्द्र कटारा को मृत घोषित कर दिया। वही रोनक की हालत ज्यादा खराब होने से प्राथमिक उपचार के बाद उसे उदयपुर रेफर किया गया। वही अन्य घायल युवक का उपचार चल रहा है। इधर पुलिस ने मृतक जितेन्द्र कटारा के शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया की पोस्टमार्टम के कार्रवाई कल करवाई जाएगी।

## प्रभारी मंत्री शांति धारीवाल करेंगे जिला दर्शन पुस्तिका का विमोचन

**जयपुर।** जयपुर जिला प्रभारी मंत्री शांति धारीवाल राज्य सरकार के कार्यकाल के 4 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार, 24 दिसंबर 2022 को जिला दर्शन पुस्तिका का विमोचन करेंगे।

विमोचन कार्यक्रम मंत्री धारीवाल के राजकीय आवास (4, अस्पताल मार्ग, जयपुर) पर दोपहर 3 बजे आयोजित होगा। इस दौरान मंत्री धारीवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित करेंगे। जिला प्रशासन एवं सूचना जनसंपर्क कार्यालय द्वारा तैयार की गई जिला दर्शन पुस्तिका में विगत 4 वर्षों में जयपुर में हुए विकास कार्यों और सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति की जानकारी दी गई है।

# मुख्यमंत्री की सुरक्षा में चूक

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज भरतपुर पर दौरे पर है। इस दौरान सीएम गहलोत की सुरक्षा में चूक हो गई। हेलीपैड पर एक युवक पहुंच गया। पुलिसकर्मियों ने युवक को पकड़ा। मुख्यमंत्री हैलीकॉप्टर में बैठकर रवाना हो रहे थे। मुख्यमंत्री गहलोत चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती पर समारोह शिरकत करने गए थे। मुख्यमंत्री गहलोत ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जिंदगी में उनका लम्बा सफर रहा। चाहे वह पद पर रहे या नहीं रहें हो।किसानों के लिए गरीबों के लिए संघर्ष किया।

# किसानों को समर्पित राज्य सरकार :गहलोत

## भरतपुर में 144.78 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण 549.13 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में अहम फैसले ले रही है। सरकार द्वारा किसानों को समर्पित योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं से राज्य के किसानों को आर्थिक संबल मिलने के साथ ही उनका जीवन खुशहाल हुआ है। उन्होंने कहा कि किसान प्रदेश की आर्थिक नीति में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इसी को देखते हुए हमारी सरकार द्वारा देश में पहली बार किसानों के लिए अलग से बजट प्रस्तुत किया गया। गहलोत शुक्रवार को भरतपुर के एमएसजे कॉलेज ग्राउंड में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरणसिंह जी की 120वीं जयंती समारोह में संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने भरतपुर क्षेत्र के लगभग 693.91 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी चरणसिंह जी क्रांतिकारी विचारों के धनी थे। उनका पूरा जीवन संघर्षपूर्ण रहा लेकिन फिर भी चौधरी जी ने हार नहीं मानी। पूर्व प्रधानमंत्री



स्व. चौधरी जी ने आजादी की जंग में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। आजादी के बाद भी वे किसानों तथा गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ते रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाराजा सूरजमल जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा राज्य सरकार के चार साल पूरे होने पर जिला स्तरीय विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। साथ ही, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जिला दर्शन पुस्तिका एवं अन्य प्रचार-प्रसार सामग्री का विमोचन भी किया। विकास प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना, कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना तथा आठ लाख किसानों का बिजली बिल हुआ शून्य चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभार्थियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 22 लाख किसानों के ऋण माफ किए गए हैं। मुख्यमंत्री किसान ऊर्जा मित्र योजना से प्रतिमाह 1 हजार रूपए का अनुदान दिया जा रहा है जिससे 8 लाख किसानों का बिजली बिल शून्य हो गया है। गहलोत ने कहा कि किसानों के बिजली कनेक्शन के लंबित मामलों का भी जल्द निस्तारण किया जाएगा। किसानों को सिंचाई के लिए बिजली दिन में उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों को अब नई तकनीक से उन्नत कृषि करने के लिए सभी उपकरणों पर अनुदान दिया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से राजस्थान पूरे देश में अग्रणी राज्य है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से आमजन की जेब पर आने वाला भार कम हुआ है।


मेरे पूज्य पिता
स्वर्गीय श्री गौरीशंकर जी त्रिवेदी
की षष्ठम् पुण्यस्मरण पर

बहुत रोता दिल मेरा मगर दामन मेरा नम नहीं होता
इन आंखों के बरसने का कोई मौसम नहीं होता
मैं अपने दुश्मनों के बीच भी महफूज रहता हूं
मेरे पिता की दुआओं का खजाना कभी खाली नहीं होता



स्वर्गीय श्री गौरीशंकर जी त्रिवेदी
गांव रामसौर

मेरे पूज्य बाबूजी की आज 6वी पुण्यतिथि पर मैं एवं मेरा परिवार उन्हें शत-शत नमन एवं भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता है! मेरे बाबूजी का सफर वागड़ के छोटे से गांव रामसौर से माया नगरी मुंबई तक बहुत ही मुश्किलों भरा रहा था! अंग्रेजो के समय मे इंटर मिड़ियेट पास थे बाबूजी चाहते तो छोटे से गांव में रहकर आराम की जिंदगी बसर कर छोटी-मोटी सरकारी नौकरी कर अपने परिवार की आरामदायक परवरिश कर सकते थे! लेकिन शायद उनके सपने और इरादे बहुत बड़े थे, परिवार के लिए उन्हें कुछ बड़ा करना था और शायद हमसे कुछ बड़ा करवाना था! इसी इरादे से मुंबई में रेलवे मे छोटी सी नौकरी कर 10 लोगों का परिवार के लिए 100 स्क्वायर फीट का? कमरा आज मैं जब उस समय को याद करता हूं तो एक पिता के संघर्ष की लंबी कहानी याद आती है मुझे वह समय अच्छी तरह याद है आप सुबह 7:00 बजे रेलवे अपने दफ्तर के लिए निकलते थे और ऑफिस टाइम के बाद मुंबई के इस भीड़ भाड़ वाले सफर को तय कर देर रात तक लौटते थे! छोटा सा कारखाना चलाकर हमारे लिए व्यवसाय खड़ा कर हमारे आज के सपनो को गढ़ रहे थे! "आज की हमारी सफलता को आपने अपने पसीने से इस विशाल रूप की जड़ो को सिंचित किया है" मुंबई शहर में बड़ी बड़ी दुकानें थी कपड़ों, खिलौनों और किताबों से भरी और आप की छोटी सी नौकरी आप बरसो अपने लिए नया कुर्ता नहीं सिलवा पाए पर हमारे लिए कपड़े खिलौने किताबें हम जो कुछ भी मांगते हमें मिल जाता! बाबूजी आप हमारे सुपर हीरो थे जो मांगने पर तुरंत दे देते थे अनजान दुनिया में ना दोस्त ना खुशी पर हमारा हंसता चेहरा ही आपकी असली जान था। जिसके लिए दिन भर आप धूप में तपते रहते मिट्टी में अपना बदन भिगोते रहते पर घर आते ही सब छोड़-छाड़ कर हमें हवा में उछाल कभी हाथी कभी घोड़ा बनकर हमेशा सीने से लगाए रखते पैरों में छाले ना पड़ जाए इसलिए कंधे पर बिठाकर ले जाते अपने हिस्से का हमें खिलाकर खुद भूखे सो जाते! आप एक छोटे से कमरे के किराएदार थे पर हम 10 लोगो के परिवार को बस एक मजबूत सहारा थे! मैंने भगवान तो नहीं देखे पर शायद आप उनसे कम नहीं थे! मां की दवाई बहनों की शादी बेटों की सफलता जिसके लिए बेपनाह मेहनत! आपकी प्यारी सी आंखों में आंसू शायद आते होंगे? लेकिन उसे कभी बहने नहीं दिया खुद तपते रहे और हमें जीवन जीने के बेहतर तरीके और संघर्ष सिखाते रहे! आज सारी दुनिया मेरी तारीफ करती हैं मेरी सफलता को सलाम करती है लेकिन मेरी सबसे बड़ी सफलता आपको पिता के रूप में पाना है! मैं जो कुछ भी कर पाया हूं वह सिर्फ और सिर्फ आपका आशीर्वाद और आपके द्वारा देखे गए सपने से ज्यादा कुछ नहीं है! कुछ किस्से हैं जो हमेशा दिल में दर्ज हो गए मैं कभी नहीं भूलूंगा कि मेरी खुशी खरीदने के लिए मेरे बाबूजी खर्च हो गए!

**दीनबंधु गौरीशंकर त्रिवेदी, फाउण्डर ज़ील ग्रुप**

**किसी ने सच कहा**

पिता जीवन है, सम्बल हैं, शक्ति हैं।
पिता सृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति है, ।।
पिता उंगली पकड़े बच्चे का सहारा है।
पिता कभी खट्टा कभी खारा है ।।
पिता पालन हैं, पोषण है, परिवार का अनुशासन है।
धोस् से चलने वाला प्रेम का प्रशासन है ।।
पिता रोटी है, कपड़ा है, मकान है।
पिता छोटे से परिंदे का बड़ा आसमां है ।।
पिता नहीं तो जीवन अनाथ है!

ZEEL MULTISPECIALITY HOSPITAL | ZEEL RAINWEAR | ZEEL club Enhancing Lifestyle | ZEEL charitable trust | रूद्रप्रयाग | NZ Seasonal Wear Pvt Ltd | DDU-GKY



